प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

3 नवंबर 2021

भारत की वित्तीय प्रणाली के हरितकरण के समर्थन हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक प्रतिबद्ध है – एनजीएफएस

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) 23 अप्रैल 2021 को वित्तीय प्रणाली के हरितकरण के लिए केंद्रीय बैंकों और पर्यवेक्षकों के नेटवर्क (एनजीएफएस) में एक सदस्य के रूप में शामिल हुआ, ताकि हरित वित्त संबंधी वैश्विक प्रयासों के बारे में जानकर और इसमें योगदान देकर एनजीएफएस की सदस्यता से लाभान्वित हुआ जा सके।

2. इस संबंध में, 2021 के संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी26) के अवसर पर, एनजीएफएस ने पेरिस समझौते के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अपेक्षित वैश्विक कार्रवाई में योगदान की अपनी इच्छा दोहराई है, और इस हेतु, एनजीएफएस वित्तीय प्रणाली के हरितकरण की दिशा में सामूहिक प्रयासों का विस्तार और सुदृढ़ीकरण करेगा। तदनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज 'भारत की वित्तीय प्रणाली के हरितकरण के समर्थन हेतु प्रतिबद्धता वक्तव्य – एनजीएफएस' प्रकाशित किया है। वक्तव्य यहाँ उपलब्ध है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी : 2021-2022/1143